# प्राइवेट डिटेक्टिव एजेंसी का कमाल ,मुंबई से आकर भुवनेश्वर में पकडाये नकली सिमेंट फैक्ट्री



भुवनेश्वर, आजकल कटक,भुवनेश्वर, ब्रहमपुर शहरों में खूब नकली माल बनता है .खाद्द पदार्थों में मिलावट, सिमेंट में मिलावट, पान मसाला, गुटखा में मिलावट ,नकली घडियाँ इत्यादि आजकल आमबात होगयी है.

नकली माल के सौदागर, असली का लोगो, पैकिंग देकर बेधड़क, बेझिझक आराम से बारंबार, लगातार माल बेच रहे हैं.सुनने में आता है कि अनेक केस में इन नकली सौदागरों की स्थानीय प्रशासन से साठगांठ रहती है,तभी ये नकली माल को असली का लोगो लगाकर बेहिचक बेच रहे हैं.



मिलावट खोर मिलावटी सामान बेचकर थोडे से ज्यादा पैसा कमाने के चक्कर में रहते हैं.ऐशोआराम की जिंदगी के चक्कर में वे ऐसा करते हैं,यहाँ तक कि दूसरों के जीवन से खिलवाड़ करते हैं.

भुवनेश्वर में ऐसा ही एक नकली सीमेंट कारखाना पकडा गया. मालिक विजय कुमार शिवानी गिरफ्तार हुए,जेल गये.वे अल्ट्रा टेक सीमेंट को मिलावट कर बेच रहे थे.इस मिलावटी कंपनी को मुंबई की एक डिटेक्टिव कंपनी ने भुवनेश्वर में आकर पडताल की,खुफिया जानकारी इकट्ठा की.

इस कंपनी का नाम है टर्क डिटेक्टिव संस्था. यह कंपनी अल्ट्रा टेक सीमेंट के लिए कार्य करती है.इसीने खुफिया जानकारी इकट्ठा कर नकली सीमेंट फैक्ट्री को पकडाया है,थाने में रिपोर्ट लिखवायी है.

Source: https://krantiodishanews.in/12528/